**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 31.04.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :—**

- **लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए कल होगा मतदान।**
- **मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर की बैठक, अपराधों पर सख्ती से कार्यवाही करने के दिये निर्देश।**
- **विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।**
- **प्रदेश में 4 जिलों में लू के लिए रेड अलर्ट, कुछ हिस्सों में कल से मिल सकती है गर्मी से राहत।**

**लोकसभा सातवा चरण चुनाव**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए कल वोट डाले जाएंगे। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और ,पंजाब में 13—13, पश्चिम बंगाल में नौ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके अलावा बिहार में आठ, ओडिसा में छह, हिमाचल प्रदेश में चार और झारखंड में तीन सीटों तथा केन्द्रशासित प्रदेश चण्डीगढ की एक लोकसभा सीट के लिए भी कल ही वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के साथ ही ओडिसा में विधानसभा के शेष 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर , कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह और टीएमसी के अभिषेक बनर्जी सहित कई प्रमुख नेताओं की सीट पर मतदान होगा।

**मतगणना तैयारियां**

प्रदेश में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियों का दौर जारी है। सीहोर जिले में तीनों संसदीय क्षेत्र भोपाल, विदिशा और देवास के निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा व्यापक व्यवस्था कि गई है। तीनों क्षेत्र की गणना शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की देखरेख में सम्पन्न होगी। कटनी मे मतगणना के संबंध मे चारों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत सभागार कक्ष मे आज आयोजित किया गया है। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कृषि उपज मंडी पहरुआ परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई ईव्हीएम, व्हीव्हीपेट मशीनों के स्थल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नर्मदापुरम सीट के तहत, नरसिंहपुर , रायसेन और नर्मदापुरम जिले की 8 विधानसभाओं की मतगणना जिला मुख्यालयों पर की जाएगी। जिसे लेकर तैयारी की जा रही है। मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल पर किस राउंड में कौन सी ईवीएम की गणना होगी। इसकी सूची लोकसभा क्षेत्र के सभी 12 अभ्यर्थियों को दी गई है। गुना में आज शासकीय पीजी कॉलेज में गणना पर्यवेक्षकों एवं गणना सहायकों एवं माईक्रो आब्जर्वर को मतगणना प्रक्रिया संबंधी द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

**कानून मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के संबंध में कई दिषानिर्देष जारी किये हैं। अशोकनगर एसपी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही और इछावर थाना प्रभारी पर प्रक्रिया अनुसार निलंबित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि

लगभग तीन महीने तक आचार संहिता लागू रही और इस दौरान प्रदेश स्तर पर किसी प्रकार की बूथ लूटने की घटना या हिंसा जैसी खबर नहीं आई, यह पुलिस की उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा गया है कि अपराध पर और सख्ती करें, जहां भी लगता है कि पुलिसिंग की ज़रूरत है वहां सख्ती से काम करें। उन्होंने बताया कि अपराध की दर सभी क्षेत्र में गिरी है जो एक राहत की बात है। श्री यादव ने महिलाओं की सुरक्षा पर ज़ोर देने को कहा है।

## निषेध दिवस

केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्रा ने तम्बाकू को जन स्वास्थ्य के लिए एक बडा खतरा बताया है। आज नई दिल्ली में विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्री चन्द्रा ने कहा कि देश में प्रति वर्ष तम्बाकू के सेवन से 13 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इससे देश के स्वास्थ्य सेवा तंत्र पर भारी आर्थिक बोझ पडता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बैतुल में ब्रह्मा कुमारीज़ द्वारा रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चित्रों के द्वारा तंबाकू के नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। गुना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में तंबाकू निषेध कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें शपथ, रैली, जागरूकता कार्यशाला आदि आयोजित की गई। नीमच में सब्जी मंडी चौराहे पर उपस्थित मजदूर वर्ग को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया तथा सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई, नशा मुक्ति से संबंधित पेम्पलेट वितरित किए। इसी तरह जबलपुर में में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जबलपुर स्थित नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र अवधपुरी और ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भीम नगर में नशा मुक्ति और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए राजयोग शिविर का आयोजन किया गया।

## मौसम

भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए सीधी, सतना, मैहर और छतरपुर में तीव्र लू का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा रीवा, दतिया, सागर सहित 14 जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों में हल्की वर्षा के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच आज भी सीधी, खजुराहों में तीव्र लू का प्रभाव रहा जबकि अन्य जिलों में भी तापमान सामान्य से अधिक रहे। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में 15 से 20 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कल से हीटवेव यानी, गर्म हवाओं का असर भी कम होने लगेगा।

## विश्व मुक्केबाजी–बीएफआई सदस्य

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ–बी एफ आई विश्व मुक्केबाजी संघ का सदस्य बनने पर सहमत हो गया है। सदस्यता के लिए किए गए आवेदन को बी एफ आई की आम सभा ने अनुमोदित कर दिया है और अब विश्व मुक्केबाजी संघ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा इसकी पुष्टि की जाएगी। बी एफ आई के अध्यक्ष अजय सिंह ने हाल ही में विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष और महासचिव बोरिस वैन डेर वोर्स्ट से मुलाकात कर उन तौर–तरीकों पर चर्चा की, जिनसे भारत एशिया में विश्व मुक्केबाजी सदस्यों की संख्या बढ़ाने में मदद कर सकता है।

## समाचार संक्षेप :–

- डिंडोरी ज़िले में रेवा कैंप का आयोजन कल जनपद पंचायत स्तर पर किया जाएगा। कैंप का आयोजन महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के द्वारा किया जाएगा।

- जिला निवाडी पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक ने लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारीयों को आदेशित किया । सामान्य पुलिसिंग के बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी।
- भोपाल के यूआईटी–आरजीपीवी के ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के छात्रों द्वारा एक ऑफ–रोड चार सीटर ई–व्हीकल बनाया है।
- कटनी जिले में नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोंतों को अविरल बनाये जाने हेतु इन संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य आवश्यक है। इस उद्देश्य से जिले में 5 जून से 15 जून तक विशेष अभियान चलाया जायेगा ।
- सतना कलेक्टर ने जिले में अतिवृष्टि से उत्पन्न परिस्थितियों पर नियंत्रण एवं आवश्यक प्रबंध करने के लिए सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।
- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कटनी जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन महाअभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से, एमजीएम हॉस्पिटल, कचहरी चौराहा में कैंप का आयोजन किया गया है।
- शिवपुरी जिला कलेक्टर ने लू के चलते धारा 144 के तहत कोचिंग संचालकों को सुबह 6:00 बजे से 11:00 बजे तक ही कोचिंग संचालित करने के निर्देश जारी किए हैं

**मुख्य समाचार एक बार फिर :-**

- **लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए कल होगा मतदान।**
- **मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर की बैठक, अपराधों पर सख्ती से कार्यवाही करने के दिये निर्देश।**
- **विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।**
- **प्रदेश में 4 जिलों में लू के लिए रेड अलर्ट, कुछ हिस्सों में कल से मिल सकती है गर्मी से राहत।**

**इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।**